तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

12 21 माह से नहीं मिली पीएम आवास योजना की किस्त, सरकारी ..

11 निकुम में शिव महापुराण कथा की भव्य तैयारी पूरी, 19 ..




## रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.

**खबर संक्षेप**

### वाहन की टक्कर से बछड़े की मौत



**डौंडीलोहारा।** नगर के दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग में बिजली आफिस के पास एक ट्रक की टक्कर से एक बछड़े की मौत हो गई। बछड़े की मौत के बाद संवेदना का अद्भुत नजारा देखने को मिला कि आसपास विचरण कर रहे अन्य मवेशियों का समूह मृत बछड़े के पास आ गया व उन मवेशियों के भाव भंगिमा से ऐसा लग रहा था कि वे अपने साथी के जाने से खूब व्यथित व दुखी हैं। काफी देर तक वे अपने साथी मृत बछड़े के पास दुखी अवस्था में खड़े रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दल्लीराजहरा की ओर से आ रही एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया था जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने वाहन के चालक से उस मृत गाय का अंतिम संस्कार विधिवत कराया फिर उसे जाने दिया।

### शासकीय महाविद्यालय गुरूर की प्रथम मेरिट सूची जारी 20 तक ले सकेंगे प्रवेश

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में सत्र 2025–26 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकॉम की प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गईं है। जिन छात्र छात्रओं का नाम मेरिट सूची में है वे 20 जून तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश के समय ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं की अंकसूची, स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाणपत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, गैप सर्टिफिकेट, ऑनलाइन एंटी रैगिंग प्रमाणपत्र, अधिभार प्रमाणपत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर सूची स्वमेव समाप्त हो जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य केएल रावटे ने दी।

### हाईकोर्ट चीफ जस्टिस करेंगे स्कैनिंग कक्ष का वर्चुअल उद्घाटन आज

**बालोद।** जिला एवं सत्र न्यायालय भवन बालोद में 18 जून को प्रातः 9 बजे डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का वर्चुअल शुभारंभ किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायालय भवन बालोद में 18 जून को प्रातः 9 बजे डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का वर्चुअल शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश पार्थ प्रतीम साहू की वर्चुअली उपस्थिति में प्रातः 9 बजे किया जाएगा। प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश बालोद ने बताया कि रजिस्ट्रार बिलासपुर के निर्देशानुसार न्यायिक जिला स्थापना बालोद के समस्त लंबित प्रकरणों का डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कार्य किया जाना है, जिसके लिए कोर्ट परिसर में डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष स्थापित किया गया है।

**प्रदर्शन**

स्कूल बंदी और शिक्षक कटौती पर कांग्रेस का तीखा हमला

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल, गुरूर में बीईओ दफ्तर का किया घेराव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

युक्तियुक्तकरण के विरोध मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाली गई। कांग्रेस ने रैली खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच कार्यालय का घेराव किया। घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओ को रोकने बेरिकेटिंग कर दी जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जिले मे युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलो के बंद होने एवं विद्यालयो मे शिक्षको को हटाने को लेकर जहां पालको मे रोश है वही कांग्रेस ने भी प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई।

- शिक्षकों की भर्ती की बजाय 54 हजार शिक्षकों को घोषित किया जा रहा अतिशेष : कांग्रेस

कांग्रेस नेताओ ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार बच्चो के पढ़ाई के क्षेत्र मे सुविधा कम कर उन्हे शिक्षा से वंचित कर रही है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा प्रदेश सरकार बच्चो को शिक्षा से दूर कर रही है एवं जगह जगह शराब दुकान खोलने के बाद अब लायसेंस देकर गुमटी ठेलो मे शराब बिकवाने का कार्य कर रही है और बच्चो को शराब युक्त वातावरण देने की तैयारी कर रही है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### लिक्विड डीएपी बिकवा रही है सरकार

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने कहा भाजपा नेता कमीशनखोरी के लिए जानबूझकर डीएपी खाद की सप्लाई बाधित कर लिक्विड डीएपी बिकवा रही है। युक्तियुक्तकरण मे पारदर्शिता का अभाव है, न अतिशेष शिक्षको की सूची प्रदर्शित की गई। शिक्षकों को प्राकृतिक न्याय से वंचित रखते हुए दावा आपत्ति नही मंगाई गई। कांग्रेस भाजपा सरकार की नीतियो का विरोध जारी रखेगी। ब्लाक स्तरीय प्रदर्शन के बाद जिला मुख्यालय मे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व मे किया जाएगा। ये रहे उपस्थित धरना प्रदर्शन मे पूरन लाल साहू, टोमन साहू, तोशण साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, भगवान सिंह मूलचूरिया, कमलेश श्रीवास्तव, ओंकार महमल्ला, पुर्णेश्वर अडिल, राजश्री क्षत्रिय, सुमित राजपूत, खिलेश्वर परबेहरी, अंचल साहू, पारस साहू, रिखी राम साहू, एसकुमार कलिहारी, देवेन्द्र शाडिल्य सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन महमंत्री शादिक अली ने की।

### मात्र शराब दुकाने खोलने का कार्य कर रही है सरकार

प्रदेश की भाजपा सरकार मात्र शराब दुकाने खोलने का कार्य कर रही है। भाजपा सरकार के दौर में स्कूल बंद हो रहे है। गौठान बंद हो गए। ग्रामीण औधोगिकी पार्क बंद हो गए। मनरेगा बंद हो रहा है।
- **तामेश्वर साहू,** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

## काली पट्टी लगाकर पढ़ाएंगे शिक्षक, युक्तियुक्तकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध

**बालोद।** शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध सहित 2008 सेटअप लागू करने, क्रमोन्नत वेतनमान के लिए जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन का लाभ देने व पदोन्नति में बीएड, डीएड को मान्य करने की मांग को लेकर 16 जून से 30 जून तक शिक्षकों द्वारा अपने स्कूलों में काला पट्टी लगाकर पढ़ाएंगे व शांतिपूर्वक सांकेतिक विरोध करेंगे। शिक्षक साझा मंच बालोद के जिला संचालक दिलीप साहू ने बताया कि शिक्षक साझा मंच द्वारा युक्तियुक्तकरण के विरोध सहित चार सूत्रीय मांग को लेकर 28 मई को राजधानी में मंत्रलय घेराव सहित 2 जून को काऊंसिलिंग बहिष्कार, 10 जून को जिला स्तरीय रैली व मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, डीपीआई को ज्ञापन के पश्चात 13 जून को संभाग स्तरीय रैली व ज्ञापन तथा संभागायुक्त व जेडी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। अब शिक्षक साझा मंच ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया व पदांकन में व्यापक विसंगति के कारण विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को रद्द करने के साथ अन्य मांगों के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम की घोषणा की है। अब 16 जून से 30 जून तक काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण

- विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण, वेतनमान और पदोन्नति नीति पर जताई आपत्ति



सांकेतिक विरोध किया जाएगा। तत्पश्चात 1 जुलाई को विकास खंड स्तरीय धरना प्रदर्शन व आगे की रणनीति तय कर ली गई है।

### युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया हो निरस्तः साझा मंच

जिला संचालक दिलीप साहू, व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षक साझा मंच की मांग है कि वर्तमान में हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में कोई दावा आपत्ति नहीं लिया गया। अतिशेष शिक्षकों व रिक्त पदों की सूची पहले जारी नहीं की गई। जिससे काऊंसिलिंग व पदांकन में व्यापक त्रुटियां सामने आया है। इसलिए व्यापक विसंगति को देखते हुए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए तथा वित्त विभाग द्वारा जारी सेट अप 2008 के अनुसार प्राथमिक शाला में 60 की दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शाला में शिक्षिका स्थानांतरण निरस्त : ग्रामीणों की एकजुटता लाई रंग

**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला गिधाली में पदस्थ शिक्षिका को युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष बताकर अन्यंत्र शाला में स्थानांतरण किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने किए गए शिक्षिका के स्थानांतरण को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर शाला के मुख्य द्वार पर 16 जून को तालाबंदी कर किया गया। आंदोलन रंग लाया और युक्तियुक्तकरण के तहत किए गए शिक्षिका का स्थानांतरण निरस्त करना पड़ा। ग्रामीणों को उक्ताशय की जानकारी मिलते ही खुशियों की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी अनुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के पत्र क्रमांक 1014/युक्तियुक्तकरण /2025 दिनांक 17 जून को जारी निरस्तीकरण आदेश में कार्यालयीन आदेश क्र.874/युक्तियुक्तकरण दिनांक 03 जून के अनुसार युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत धान बाई नागेंद्र सहायक शिक्षक (एल बी) शा.प्रा.शाला गिधाली विकासखंड डोंडी जिला बालोद का काउंसलिंग के माध्यम से प्रा. शा. अरमुरकसा में युक्तिकरण के तहत किए गए आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव युक्तिकरण समिति बालोद के हस्ताक्षर से जारी किया गया।

गौरतलब है की शासकीय प्राथमिक शाला गिधाली में 2008 के सेटअप अनुसार तीन शिक्षक कार्यरत थे। जिसमे बिसनाथ भारती प्रधानपाठक (पैर से निशक्तजन), सीमा राठौर (सहायक शिक्षिका दृष्टिबाधित), धानबाई नागेंद्र(सहायक शिक्षिका) है,पदस्थ सहायक शिक्षिका को धान बाई नागेंद्र को युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष बताकर अन्यंत्र शाला में स्थानांतरण कर दिया गया व शाला में पदस्थ प्रधानपाठक व सहायक शिक्षिका के निःशक्तजन होने से शाला के शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों में व्यवधान होंगे, जिससे बच्चों के शिक्षा के साथ साथ बौद्धिक विकास तथा शाला परिसर में नौनिहालों की सुरछा भी असर पड़ेगा, साथ ही समय समय पर उनके अवकाश में चले जाने से शाला एकल शिछकीय हो जाने से बच्चो के शिक्षा पर बुरा असर पड़ेगा। शाला में पदस्थ प्रधानपाठक दिव्यांग व एक दृष्टिबाधित शिक्षिका होने से सहायक शिक्षिका धानबाई नागेंद्र ही बच्चों के शिक्षा से लेकर अन्य गतिविधियों में विशेष ध्यान रखती थी। पदस्थ अन्य दोनो शिक्षको के कार्यों में भी सहयोग करती थी, इसलिए ग्रामीणों ने तालाबंदी कर धरना दिया था। शिक्षिका के युक्तियुक्तकरण के तहत किए स्थानांतरण को निरस्त किए जाने के आदेश की जानकारी मिलने पर कंवल सिंह कुलियारा सरपंच ग्राम पंचायत गिधाली, लिखनलाल ग्राम पटेल, लखनलाल भुआर्य अध्यक्ष शाला विकास समिति, भागीराम साहू, देवेंद्रकुमार साहू, मुकेश बलेंद्, गांधीराम साहू, माखन कोठारी, संतोष कुमार साहू, केतन राठौर, पन्नुराम, ललित पटेल, जनक राम, तुलेश सुधाकर, रेखा मिश्रा, रहीमत यादव खिलेश्वरी, कमलाबाई सहित ग्रामीण महिला पुरुषो ने हर्ष व्यक्त करते हुए मीडिया के साथ जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है।

## हाईवे में दुर्घटना के बाद दिनभर लगा रहा जाम, प्रशासन की लापरवाही से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोहारडीह के पास स्थित देवरानी जेठानी नाला के पास एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त स्थिति मे मंगलवार को बीच सड़क मे दिन भर खड़ा रहा। दुर्घटना ग्रस्त ट्रक सड़क के ठीक मध्य खड़ा था जिससे राहगिरो को परेशानी हुई। लेकिन जिम्मेदारों ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को बीच सड़क से हटाने कोई प्रयास नही किया जिससे राहगीर दिनभर परेशान रहें। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 930 मे गुरूर थाना से महज 2 किलोमीटर दूर ग्राम बोहारडीह की है। सोनवार मंगलवार की मध्यरात्रि मे दो ट्रको मे टक्कर हो गई। घटना मार्ग मे स्थित गति अवरोध पर हुई। घटना स्थल को देखने से लगता है कि हाईवा को दूसरे हाईवा ने पीछे से टक्कर मारी होगी। माना जा रहा है कि रात्रि मे हाईवा चालक को ब्रेकर की जानकारी नही रही होगी और अचानक ब्रेकर देखकर सामने वाली गाड़ी ने ब्रेक मारा जिससे पीछे से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 08 एके 4056 टकरा गई। बता दे कि इन दिनो क्षेत्र मे रेत का अवैध परिवहन लगातार जारी है जो णमतरी व चारामा से रेत लाते है। रात्रि मे कई हाईवा को एक के पीछे एक तेज गति से चलते देखा गया है। माना जा रहा है कि घटना का यही कारण होगा।

- बोहारडीह के पास हाईवा टक्कर के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर घंटों बाधित रहा यातायात

### दिनभर यातायात रहा प्रभावित जिम्मेदार नदारद

ग्रामीण बताते है कि घटना की जानकारी रात्रि मे ही पुलिस प्रशासन को हो गई थी, कुछ पुलिस कर्मी घटना स्थल पर देखे गए थे, लेकिन न रात्रि मे, और न दिन मे सुरक्षा की कोई व्यवस्था नजर नही आई। यहां तक बताया जा रहा है कि इस मार्ग से जिला के कुछ आला अफसर ने निकले पर किसी ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास नही किया। और जनता को उसके हाल पर छोड़ किदया गया। मामले मे गुरुर थाना प्रभारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होने स्टेटमेंट देने मै अधिकृत नही हु कहते हुए उच्च कार्यालय से जानकारी लेने की बात कहकर चर्चा से इंकार कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में मृत युवक के परिजन को मिला 10 लाख की बीमा राशि का चेक



**गुरूर।** बैंक के माध्यम से कराए गए दुर्घटना बीमा से मृतक लोमेश कुमार यादव के परिवार को बहुत बड़ी सफलता मिली। मृतक के नामिनी को बैंक के शाखा प्रबंधक योगेश कुमार गोरे ने 10 लाख का चेक प्रदान किया। ग्राम तमोरा निवासी लोमेश कुमार यादव ने भारतीय स्टेट बैंक गुरूर शाखा के माध्यम से दुर्घटना बीमा कराया था। लोमेश कुमार की कुछ दिनो पूर्व सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई थी। मृतक के नामिनी उसकी मां जमुना बाई को बीमा की राशि 10 लाख का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान बैंक कर्मी चित्रकांत ईशदा, भेश कुमार चन्द्राकर, सुरभि वर्मा उपस्थित थे।

## विद्युत तार की चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक की मौत

**गुरूर।** ग्राम जेवरतला मे ग्रामीण गली लाईन की तार की चपेट मे आने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे ने घर की छत से लगे गली लाईन को पकड़ लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

- इलाज से पहले ही बच्चे ने तोड़ा दम

घटना मंगलवार शाम 4 बजे की बताई जा रही है, ग्राम जेवरतला निवासी शिवप्रसाद साहू अपनी पत्नी का ईलाज कराने ग्राम बोड़रा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र गया था। घर मे शिवप्रसाद के दोनो बच्चे थे। दोनो बच्चे खेलते खेलते घर की छत पर पहुंच गए। ग्रामीण बताते है कि घर की



छत मे जाने के लिए कोई सीढी नही थी। बताते है कि दोनो बच्चे खिड़की, दीवाल तथा खपरैल की छानी के सहारे छत तक पहुंचे थे। छत पर पहुंचकर शिवप्रसाद का छोटा लड़का ईश्वर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पुलिस कर रही है मामले की विवेचना

घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणो की मदद से बच्चे को गुरूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा कर शव का शवपरीक्षण हेतु मरचुरी भेज दिया, मामले में पुलिस जांच जारी है। शिवप्रसाद का मकान आवास योजना के तहत बन रहा है। उसने कुछ माह पूर्व ही घर के छत की ढलाई कराई है। मृतक के बड़ा भाई सदमे मे है, सारी घटना उसके सामने हुई है।

**इलाज में अब तक लगभग 2 लाख खर्च हो चुके**

## गंभीर रीढ़ की बीमारी से जूझ रहे दीपक यादव की नागपुर में होगी जटिल सर्जरी, आर्थिक मदद की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

विगत 2 साल से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे जगन्नाथपुर के निवासी युवक 35 वर्षीय दीपक यादव की हाल ही में 9 जून को नागपुर के न्यूरोन अस्पताल में सर्वाइकल स्पाइन यानी रीढ़ की हड्डियों से संबंधित ऑपरेशन हुआ है।

लगातार उनका इलाज जारी है। सर्जरी के बाद आई कमजोरी और शरीर को कवर करने के लिए उन्हें लगातार अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। इलाज में अब तक लगभग 2 लाख खर्च हो चुके हैं। पिछले साल भी उनके गले में मवाद आने और टॉन्सिल से संबंधित ऑपरेशन हुआ था। लगातार दो-तीन ऑपरेशन के चलते आर्थिक समस्या से जूझ रहे। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले दीपक यादव की जान बचाने के ▶▶| शेष पेज 10 पर





**घर पहुंच कर समाज के लोगों ने की मदद** : इस क्रम में यादव ठेठवार बालोद राज के पदाधिकारियों ने दीपक यादव के घर जगन्नाथपुर जाकर परिवार जनों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। साथ ही उनकी माता को समाज द्वारा सहायता राशि के रूप में 5000 रुपए बालोद राज के तरफ से सहायतार्थ प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ में सर्वाइकल स्पाइन की सर्जरी काफी महंगी होने और आयुष्मान कार्ड में भी इसका निश्चित और संपूर्ण पैकेज ना होने के चलते उन्हें नागपुर जाकर ऑपरेशन करवाना पड़ा और निरंतर उनका इलाज जारी है। डॉक्टर ने कहा है कि लगभग 3 महीने तक उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। इस दौरान निर्धारित दवाइयां और आहार के साथ-साथ विभिन्न सावधानी बरतना काफी अनिवार्य है।

### क्राउड फंडिंग की अपीलः बूंद बूंद से भर सकता है घड़ा

इधर बालोद जिले के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ वीरेंद्र गंजीर ने भी उनके इलाज में मदद के लिए लोगों से अपील की है। उन्होंने बताया कि सर्जरी से पूर्व दीपक यादव उनके पास फिजियोथेरेपी के लिए भी आ रहे थे। सोशल मीडिया पर पोस्टर डालकर उन्होंने क्राउड फंडिंग की अपील की है कि बूंद बूंद से घड़ा भर सकता है। जिससे जितना संभव हो सके, बिल्कुल मदद के लिए आगे आइए। ताकि सर्जरी के बाद कवर होने और दवाइयों आदि के खर्चे से कुछ हद तक राहत मिल सके। उनके इस अपील के बाद लोग आर्थिक मदद भी करने लगे हैं। जिस पर उन्होंने सभी सहयोगियों/ दानदाताओं का आभार जताया है इंटीरियर सर्वाइकल डिस्कटॉमी और फ्यूजन सर्जरी हुई है।

# नंबर प्लेट में मनमानी वसूली, मोबाइल लिंक में भी मांग रहे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के नाम पर च्वाइस सेंटर में जमकर मनमानी वसूली की जा रही है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों में नंबर लगाने निर्धारित दर से अधिक की राशि वसूली का आरोप कांग्रेसियों ने लगाया हैं। कांग्रेसियों ने साफतौर पर कहा है कि, अगर इस पर लगाम नही लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन भी करेगें।

चॉइस सेंटरों द्वारा खुलेआम टू-व्हीलर के लिए अधिकृत शुल्क 365 है, लेकिन कई सेंटर 700 से 1800 तक की राशि वसूल रहे हैं। फोर-व्हीलर के मामले में 900 से 1100 तक की अवैध वसूली की जा रही है। वही आम जनता से मोबाइल नंबर लिंक करने के नाम पर 100-200 रुपये लिया जा रहा है। नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) पहुंचकर अधिकारी एसएल लकड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, परमिट, फिटनेस, रेडियम और जीपीएस जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं में व्याप्त अव्यवस्था, लापरवाही और मनमानी वसूली को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फतेह सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, पूर्वी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, गौरव उमरे, युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, अमोल जैन , आयुष शर्मा ,अंश चतुर्वेदी एवं दिव्यांश साहू उपस्थित थे।

## पूर्व महापौर की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

### कंपनी डिमांड पूरी नहीं कर पा रही, हो कार्रवाई

पूर्व महापौर बाकलीवाल ने कहा दुर्ग शहर में वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत लगभग 6 लाख वाहन हैं, जिनमें से अब तक केवल 48 हजार वाहनों की ही नंबर प्लेट बदली जा सकी है। उन्होने कहा शुरूआती दौर से ही हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने को लेकर आम लोग परेशान हो रहे है। इसके बाद भी विभाग के अधिकारी मौन है। उन्होने कहा जिले में एक ही कंपनी से कार्य कराया जा रहा है। लेकिन कंपनी डिमांड को पूरी नही कर पा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड रहा है।



### हर वार्ड में निशुल्क शिविर लगाने की मांग

कांग्रेस पार्टी की मांग है कि नंबर प्लेट प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध किया जाए। साथ ही, मनमाने शुल्क वसूलने वाले चॉइस सेंटरों के प्रसाशन द्वारा कार्यवाही की जाए। परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, जिले में चालीस परिवन सुविधा केन्द्र आवेदन लिया जा रहा हैं। इसके आलावा च्वाइस सेंटर से भी आवेदन कर रहे है, जिले में नौ सौ से अधिक च्वाइस सेंटर संचालित है। परिवहन अधिकारी ने कहा कि च्वाइस सेंटर से अगर ज्यादा राशि ली जा रही हैं तो एनआईसी को पत्र लिखा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा प्रिज्म कॉलेज एवं सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के साथ एमओयू के तहत प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रिज्म कॉलेज के प्लेसमेंट अधिकारी देशना गर्ग एवं कंचन गांगूली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 50 चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया और प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्र-छात्राएं प्रिज्म ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन में 8 से 12 जुलाई के मध्य आयोजित उड़ान प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एवं प्लेसमेंट अधिकारी पवनदीप कौर ने दी।

### घरों के आसपास न हो जलभराव : महापौर

**दुर्ग।** वार्डों में विभिन्न जगहों पर सड़कों, नालियों के किनारे जानवरों को पानी देने के लिए पात्र रखे गए हैं, जिनमें जल भराव के कारण स्वच्छ पानी में डेंगू के लार्वा उत्पन्न होने की अत्यधिक संभावना है, जिससें डेंगू फैलने की संभावना है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जन स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुये समस्त नगरवासियों से कहा है कि अपने घरों के आसपास पात्रों में या अन्य स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। रोजाना पात्र को साफ कर पानी बदलें अथवा वर्षा ऋतु अवधि में पात्रों को उलट कर रखें, जिससे ज़ल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**दुर्ग।** योगा संगम एवं हरित योग की थीम पर इस पर वर्ष भी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलास्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में सुबह 6 से 7 बजे के मध्य किया जाएगा।

### 11 हितग्राहियों को नोटिस जारी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को जिनके नाम पर मकान आवास बनाये जाने के लिए राशि जारी की जा चुकी है। उसके पश्चात भी हितग्राहियों के अपूर्ण आवास को पूर्ण नहीं किया जा रहा और ना ही रुचि ली जा रही। बार-बार सूचना के बाद भी उनके द्वारा ना ही मकान बनवाया जा रहा और ना ही जारी राशि लौटाया जा रहा है। अतः अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से 11 हितग्राहियों को 13 जून को नोटिस जारी कर 23 जून को न्यायालय में उपस्थित होने कहा गया है। संतोष जनक जवाब नहीं दिए जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। नोटिस में मीना शर्मा पति विनोद शर्मा वार्ड 7, प्रेमा कौर पति नरेन्द्र सिंह वार्ड 18, विकास कुमार ताम्रकार पिता घनश्याम वार्ड 30, मंजुलता ताम्रकार पति मनोज ताम्रकार वार्ड 30, अनिता साहू पति गोपाल साहू वार्ड 56 आदि शामिल हैं।

### योग दिवस की तैयारियों में जुटे, व्याख्यान का आयोजन



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थान द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्कूलों में 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग रैलियों, पाम्प्लेट्स वितरण एवं चलित वाहन द्वारा योग का प्रचार-प्रसार एवं जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा तुलाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग सत्र में योग का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, आहार और विहार पर व्याख्यान दिया गया।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस कार्यप्रणाली की शब्दावली का होगा कायाकल्प

# प्रदेश पुलिस व्यवस्था में बड़ा सुधार, पुलिस शब्दावली को जनसुलभ और सरल बनाने का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदशऍ और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू–फारसी जैसे 109 शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भासाओ के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।

**ये शब्द बदले जाएंगे :**

जिसमे अदम तामील–सूचित न होना, इन्द्राज– टंकन, खयानत–हड़पना, गोश्वारा–नक्शा, दीगर–दूसरा, नकबजनी –सेंध, माल मशरूका लूटी–चोरी गई सम्पत्ति, मुचलका–व्यक्तिगत बंध पत्र, रोजनामचा–सामान्य दैनिकी, शिनाख्त–पहचान, शहादत–साक्ष्य, शुमार–गणना, सजायाफ्ता– दण्ड प्राप्त, सरगना –मुखिया, सुराग –खोज, साजिश–षडयंत्र, अदालत दिवानी–सिविल न्यायालय, फौजदारी अदालत–दांडिक न्यायालय, इकरार नामा–प्रतिज्ञापन, बनाम विक्रय –पत्रक, इस्तिफा–त्याग–पत्र, कत्ल–हत्या, कयास–अनुमान, खसरा क्षेत्र– पंजी, खतौनी–पंजी, गुजारिश–निवेदन, जब्त –कब्जे में लेना, जमानतदार –प्रतिभूति दाता, जमानत–प्रतिभूति, जरायम–अपराध, जबरन–बलपूर्वक, जरायम पेशा–अपराधजीवी, जायदादे मशरूका–कुर्क हुई सम्पत्ति, दाखिलखारिज– नामांतरण, सूद–ब्याज, हुजूर –श्रीमान–महोदय, हुलिया–शारीरिक लक्षण, हर्जाना क्षति–प्रतिपूर्ति, हलफनामा–शपथ–पत्र, दफा– धारा, फरियादी–शिकायतकर्ता, मुत्तजर्रर–चोट, इत्तिलानामा– सूचना पत्र, कलमबंद करना–न्यायालय के समक्ष कथन, गैरहाजिरी–अनुपस्थिति, चस्पा– चिपकाना, चश्मदीद–प्रत्यक्षदशऍ, जलसाजी– कूटरचना, जिला बदर –निर्वासन, जामतलाशी –वस्त्रें की तलाशी, वारदात– घटना, साकिन– पता, जायतैनाती– नियुक्ति स्थान, हाजा स्थान–परिसर, मातहत – अधीनस्थ, जेल हिरासत– कब्जे में लेना, फौती –मृत्यु सूचना, इस्तगासा– छावा, मालफड– जुआ का माल मौके पर बरामद होना, अर्दली –हलकारा, किल्लत मुलाजमान– कर्मगण की कमी, तामील कुनन्दा– सूचना करने वाला, इमदाद– मदद, नजूल –राज भूमि, फरार –भागा हुआ, फिसदी– प्रतिशत, फेहरिस्त –सूची, फौत– मृत्यु, बयान– कथन, बेदखली–निष्कासन, मातहत– अधीन, मार्फत– द्वारा, मियाद –अवधी, रकबा–क्षेत्रफल, कास्तकार– —षक, नाजिर –व्यवस्थापक, अमीन राजस्व –कनिष्ठ अधिकारी, राजीनामा –समझौता पत्र, वारदात –घटना, संगीन –गंम्भीर, विरासत –उत्तराधिकार, वसियत– हस्तांन्तरण लेख, वसूली –उगाही, शिनाख्त– पहचान, सबूत साक्ष्य–प्रमाण, दस्तावेज– अभिलेख, कयास –अनुमान, सजा –दण्ड, सनद –प्रमाण पत्र, सुलहनामा–समझौता पत्र, अदम चौक–पुलिस असंज्ञेय हस्ताक्षेप, अगोग्य अपराध की सूचना, कैदखाना– बंदीगृह, तफतीश/तहकीकात –अ नु सं धा न / जाँ च / वि वे च ना , आमद/रवाना/रवानगी–आगमन, प्रस्थान, कायमी–पंजीयन, तेहरीर– लिखित या लेखीय विवरण, इरादतन– साशय, खारिज/खारिजी/ रद्द निरस्त/निरस्तीकरण, खून आलुदा–रक्त–रंजित/रक्त से सना हुआ, गवाह/गवाहन– साक्षी/साक्षीगण, गिरफ्तार/हिरासत –अभिरक्षा, तहत–अंतर्गत, जख्त, जख्मी, मजरूब –चोट/घाव घायल/आहत, दस्तयाब–खोज लेना/बरामत, मौका ए वारदात–घटना स्थल, परवाना– परिपत्र/अधिपत्र, फैसला–निर्णय, हमराह–साथ में जैसे शब्द के अर्थ बदल जाएंगे।

### डिप्टी सीएम के निर्देश पर हो रही कार्रवाई



उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे। छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।

# बरसात में घर खाली करने की नोटिस से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

- जनदर्शन में आज 122 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 122 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बिरेझर थाना अंजोरा निवासियों ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया ग्रामीण परिवार पिछले 8-10 वर्षों से पंचायत की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। इन परिवारों के पास स्वयं की कोई निजी भूमि नहीं है। भूमि स्वामित्व प्रमाण न होने के कारण ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम चंदखुरी के कृषकों ने बताया उनकी कृषि भूमि ग्राम चंदखुरी नाला क्रमांक 11 के पास स्थित है। हाल में बनी सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर कृषि भूमि की ओर बहता है, जिससे वहां डूबान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आगामी बारिश में फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

कृषकों का कहना है कि जब सड़क निर्माण हो रहा था, तब उन्होंने इस संभावित समस्या से अवगत कराया था। जब पिछले वर्ष खरीफ की फसल जलभराव के कारण खराब हो गई, तब भी उन्होंने निर्माण एजेंसी को पक्का नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृषकों ने मांग की है कि स्थायी समाधान के रूप में पक्का नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात में उनकी कृषि भूमि जलभराव से सुरक्षित रह सके।

### सड़क पर लग रही मुर्गा दुकान

घासीदास निवासियों ने बताया कि, वार्ड 23 जामुल थाना रोड पर अनावश्यक रूप से दुकान की क्षमता से ज्यादा बड़ा बोर्ड लगाकर मुर्गा दुकान संचालित किया जा रहा है। मुर्गा रखने के लिए बड़े-बड़े जालियां सड़क की ओर लगा दी गई है, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में रुकावट हो रही है। सड़क किनारे की नाली को भी बंद कर दिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है।

## भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय क्रमांक दो तक जल आपूर्ति के लिए करीब 322 करोड रूपए का प्रोजेक्ट कार्य जल्द ही पूरा होगा। करीब 18 किमी की दूरी वाली इस परियोजना का कार्य पूरा होने के बाद जहां बीएसपी संयंत्र को डिमांड के अनुसार पानी की आपूर्ति होगी, वहीं इस प्रोजेक्ट के अमल में जाने से महानदी परियोजना और खरखरा जलाशय से निर्भरता दूर हो जाएगी। बहरहाल यह कार्य 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है। विगत दिनों जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने निरीक्षण कर अफसरों को निर्माण कार्य जल्द पूरा किए जाने के निर्देश दिए है। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना 322 करोड़ लागत से पूर्ण होगी। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त परियोजनाओं का जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री कश्यप ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए है।

## एथलेटिक्स स्पर्धा में दुर्ग की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नागपुर (महाराष्ट्र) में चल रहे एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फार चेंज के सातवें चरण में मध्यक्षेत्र

- विजेताओं का किया गया सम्मान, बढ़ाया हौसला

जोनल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दुर्ग की बेटियों ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स रिले में 54.62 सेकंड में पुरा करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। मिक्स रिले में दुर्ग की बेटी कुमकुम यादव, शिया चौहान एवं कोरबा के योगेन्द्र सिंह एवं सिद्धार्थ यादव ने परचम लहराया। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की ओर कोच बीआर यादव सुश्री लाडली खिलाड़ी (दुर्ग) एवं गिरजाशंकर धीवर (कोरबा) है। ज्ञातव्य हो कि, छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलगांव खम्हरिया से एथलेटिक्स, धनोरा से कबड्डी पाऊवारा से खो-खो बालक एवं दुर्ग की बालिका टीम एथलेटिक्स एवं खो-खो टीम कुल 26 खिलाड़ी कोच मैनेजर भाग लेने पहुंचे हैं। चार दिनों तक चल रहे इस स्पर्धा में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश कुल 5 राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अल्का बाघमार महापौर, जीएस बाम्बरा चेयरमेन छ.ग. एथलेटिक्स एसोसिएशन व अध्यक्ष महेन्द्र आहूजा, सचिव रवि. राजा, विनोद नायर एनआईओएस कोच सुनील नायर, कोच बालकदास डहरे आदि उपस्थित थे।

## स्वशासी स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सभी परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा स्वशासी स्नातकोत्तर द्वितीय एवं

- तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं 23 जून से

चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के सभी परिणाम घोषित कर दिए गए है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा स्वयं आकर नोटिस बोर्ड पर



अवलोकन कर सकते है। स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि घोषित परीक्षा परिणामों में एम.ए. भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र तथा एमएसडब्ल्यू एवं एम.कॉम. के अलावा विज्ञान संकाय के एम.एससी भौतिक, गणित, रसायन, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, माइक्रोबायलॉजी, बायोटेक्नालॉजी, पीजीडीसीए, एम.लिब आईएससी आदि शामिल है। डॉ. सलूजा बताया कि स्नातकोत्तर विषयों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में अध्ययन के लिए महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रवेश लेना होगा। तृतीय सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 23 जून से संचालित होना प्रस्तावित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के अनुसार स्नातक स्तर की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जुलाई से आरंभ होकर 10 जुलाई के बीच आयोजित होगी। प्रत्येक विद्यार्थी विभिन्न विभागों में अपनी प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने विभागों के नोटिस बोर्ड का अवलोकन करते रहें। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची 17 जून को महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट पर चस्पा कर दी जायेगी। इस सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थी 18 से 21 जून तक महाविद्यालय में अपने दस्तावेज का वेरिफिकेशन कराकर ऑनलाईन रूप से निर्धारित शुल्क अदा कर प्रवेश ले सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में ...

शिक्षा से दूर बच्चे जगह जगह शराब दुकान व शराबियो को देखकर उनका क्या भविष्य बनाऐंगे। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा ने अपने चुनावी घोशणा पत्र मे 58 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किए थे, अब 54 हजार शिक्षकों को अतिशेष बताकर शिक्षक भर्ती से बचने का प्रयास कर रही है। भूपेश सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल की परिकल्पना कर शिक्षा का स्तर ऊचा उठाया। इसका परिणाम रहा कि इस सत्र मे बोर्ड परीक्षाओ की प्रवीण्य सूची मे स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चो का दबदबा रहा, लेकिन भाजपा सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर कर आने वाली पीढ़ी को कमजोर बनाना चाहती है। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विफल है। मजदूरों को रोजगार नही मिल रहा है। बच्चो को शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। खिलाड़ियों को खेल शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। ऐसे मे प्रदेश का भविष्य कैसे उज्जवल होगा। किसानो को खाद नही मिल रहा है।

### काली पट्टी लगाकर पढ़ाएंगे ...

व दो सहायक शिक्षक तथा माध्यमिक शाला में 105 की दर्ज संख्या पर प्रधान अध्यापक तथा चार शिक्षक यथावत रखा जाए। हायर सेकेंडरी में वाणिज्य व्याख्याता के दो पद पूर्ववत रखा जाए।

**क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल आर्डर जारी करने की मांग :** सौंपे गए ज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रकरण डबल्यू ए 261/2023 द्वारा डबल बैंच के पारित निर्णय अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत/ शिक्षक एल बी को पंचायत एवं शिक्षा विभाग के सेवा को मिलाकर क्रमोन्नत वेतनमान एरियर्स सहित भुगतान किया गया है का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि तदनुसार प्रदेश के सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल आर्डर जारी किया जाए। मांग में शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन सहित अन्य लाभ देने तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को खत्म कर शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति में डीएड प्रशिक्षित को अवसर देने व प्राचार्य के पदों पर 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा द्वारा तत्काल पद पूर्ति करने की मांग शामिल है।

### विद्युत तार की चपेट ...

साहू ने छत के नजदीक से निकले गली विद्युत लाईन को पकड़ लिया। गली लाईन को पकड़ने के बाद वह कुछ देर उससे चिपका रहा, फिर वह 10 फिट ऊचाई से नीचे जमीन मे गिर गया। विद्युत तार की चपेट मे आने से ईश्वर 8 साल का हाथ पैर बुरी तरह झुलस गया।

### गंभीर रीढ़ की बीमारी से ...

लिए जनता भी एकजुट हुई है और ठेठवार यादव समाज सहित अन्य समाज के लोग भी उनके इलाज में आर्थिक मदद कर रहे हैं।

## अभियान चलाकर भाजपाई रोपेंगे 807 बूथ में पौधे

**दुर्ग।** आगामी 21 जून को योग दिवस के साथ ही भाजपा जिलेभर के 807 बूथों में पौधरोपण करेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ में पचास पौधे लगाए जाने का टारगेट रखा गया है। योग दिवस के दिन से जिले में इस अभियान की शुरूआत होगी। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, इसके लिए प्रत्येक बूथ प्रभारी को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके आलावा एक पेड मां के नाम से भी पौधरोपण किया जा रहा है। बताया गया कि, विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को वार्ड क्रमांक 7 डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन गार्डन शिक्षक नगर, दुर्ग में योग का कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम तहत पेड़ भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल जी,जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र वर्मा, शहर विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित रहेंगे।

- योग दिवस से अभियान की शुरूआत, प्रत्येक बूथ में लगेंगे 50 पौधे

## आयुक्त ने अवैध निर्माण और जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 1 माडल टाउन में निर्मित डामरीकृत रोड एवं सामुदायिक भवन निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डामरीकृत रोड निर्माण किया गया है, रोड किनारे मार्किंग के बाहर एक लेवल में रखने के लिए उप अभियंता को आदेशित किए, जिससे भविष्य में सड़क का किनारा खराब न हो।

निर्मित सड़क के बीच नाली सफाई के लिए लोहे की जाली लगाया गया है, जिसमें स्लैब चेम्बर लगाकर ढकने के लिए कहा गया। तत्पश्चात वार्ड 3 पार्षद हरिओम तिवारी के साथ पूर्व से निर्मित सामुदायिक भवन का मुआयना किया। भवन में लगाया गया टाईल्स टूट कर उखड़ गया है, जिसे बदलने एवं बिजली वायरिंग कराने उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किए। आयुक्त पाण्डेय वार्ड क्रं. 12 न्यू आर्य नगर कोहका क्षेत्र का भ्रमण करने पहुंचे, वहां स्थित तालाब की साफ-सफाई कराने, बरसाती पानी से तालाब भरने को प्राथमिकता देने एवं ट्यूबवेल के माध्यम से तालाब न भरने निर्देशित किए। न्यू आर्य नगर क्षेत्र में कुछ दलालों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग करवाकर मकान निर्माण करवाया गया है, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बिना भवन अनुज्ञा के मकान निर्माण कर लिया गया है, जिसे नोटिस जारी कर कार्यवाही करने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किए।

**खबर संक्षेप**

### अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि बीते दिनों उक्त फैक्ट्री में बड़ा हादासा हुआ था। जिसमें जयंती साहू नामक महिला की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल थे। पुलिस ने गवाहो का बयान लेकर एफएसएल टीम से घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया। मृतिका अग्रवाल मिनिरल एण्ड केमिकल फैक्टरी में श्रमिक के रुप में काम करती थी। हादसा 14 जून की दोपहर को कार्यस्थल में फायर ब्रिक की चूरा को जम्बो बैग में भरकर क्रेन से लाया ले जाया जाता था। कंपनी के संचालक द्वारा सुरक्षा घेरा नही किया गया था। कार्य करने वाले कर्मी को सुरक्षा सामग्री हेलमेंट आदि नहीं उपलब्ध कराया गया। फायर ब्रिक से भरा हुआ जम्बो बैग को क्रेन से उठाकर ले जाने के दौरान बैग का बेल्ट टुट जाने से वजनी बैग जयंती साहू के ऊपर आ गिरा। जांच में कंपनी के संचालक द्वारा उपेक्षापूर्ण सुरक्षा व्यवस्था करना पाया गया।

### संयंत्र स्तरीय यूनिकोड वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा संयंत्र स्तरीय यूनिकोड एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 'मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से नामांकित कार्मिक सम्मिलित हुए। महाप्रबंधक सौमिक डे ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को सरल व सहज बनाने सहित कम से कम समय में हिंदी टायपिंग के लिए सबसे आसान उपाय है यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टायपिंग। हमें इसमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । वरिष्ठ स्टाफ सहायक धनंजय कुमार मेश्राम ने ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण से कर्मियों को चौतरफा लाभ होगा।

### वरिष्ठ आरक्षकों की कार्यशाला में एसएसपी ने दी जानकारी

**भिलाई।** वरिष्ठ आरक्षकों व अनुसंधान प्रशिक्षण सह कार्यशाला का पांच दिवसीय आयोजन पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, सेवानिवृत्त डीएसपी राकेश जोशी,अजीत यादव मौजूद थे। एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा वरिष्ठ आरक्षको को प्रथम सूचना पत्र लेखबद्ध करने से लेकर न्यायालय में चालान पेश करने तक के मुख्य उद्देश्यों की जानकारियां दी। इसके अलावा छोटे-छोटे प्रकरणों को बीएनएस की धारा में कार्रवाई किये जाने के लिए विस्तार से समझाया। राकेश जोशी ने मारपीट के प्रकरण-साधरण चोंट, मृत्यु के प्रकरण, प्रारंभिक जानकारी, प्रकार, सूचना की प्राप्ति, एफआईआर लिखने को लेकर प्रशिक्षण में विस्तार से समझाया है।

**न्यायालय, तहसीलदार मारी बंगला देवरी जिला-बालोद छ.ग.**

**-:: उद्घोषणा ::-**

ई कोर्ट नं. 2025062406000 /अ-21
ग्राम सोरली प.ह.नं. 16
तहसील मारीबंगला देवरी जि.बालोद

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद के ज्ञापन क्रमांक 281/प्र.कले. /2025 दिनांक 02.06.2025 के अनुसार आवेदक खम्हनलाल आ. शंकरलाल जाति हल्बा निवासी ग्राम भैंसबोड़ पो. भैंसबोड तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम सोरली प.ह.नं. 16 स्थित भूमि ख.नं. 1481/1, 1481/2 रकबा क्रमशः 0.28. 0.32 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.60 हे. भूमि को अपने पत्नी के ईलाज हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्री उपेन्द्र कुमार यदु आ. स्व. श्री दामुलाल यदु जाति ठेठवार निवासी सोरली प.ह.नं. 16 के पास विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतएव उपर्युक्त वर्णित आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी के पास विक्रय करने की अनुमति दिये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वे स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 30.06.2025 के पूर्व आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालयीन पुद मुद्रा से आज दिनांक 10.06.2025 को जारी किया गया ।

(मुहर)

तहसीलदार
मारी बंगला देवरी

---

## कलेक्टर ने 15 से 30 जून तक शिविरों के सफल आयोजन व व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

# बालोद में 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' के तहत लाभ संतृप्त शिविरों की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में लाभ संतृप्त शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिले में इसके अंतर्गत 15 से 30 जून तक आयोजित संतृप्त शिविरों के दौरान जनजातीय परिवार के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित की जाए। मिश्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं एवं अन्य बुनियादी ढांचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा जनजातीय वर्ग के अंतिम पक्ति के हितग्राहियों को उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने हेतु धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्त शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी पॉचों ब्लाकों में 30 जून तक आयोजित होने वाली शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने तथा इनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिससे कि सभी शिविरों में हितग्राहियों एवं ग्रामीणों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी विकासखण्डों के अलग अलग स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्त शिविरों में जनजातीय परिवार के लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के अलावा उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलॉग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कनेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही शिविर स्थल में सिकल सेल की जॉच व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### नशामुक्ति एवं पौधारोपण की दिलवाएं शपथः कलेक्टर

उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के अलावा उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति अभियान एवं पौधरोपण के संबंध में अनिवार्य रूप से शपथ दिलाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों तक नशामुक्ति एवं पौधरोपण अभियान के संबंध में शपथ पत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों से अपने अपने विभागों के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों परिसरों एवं विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विभागवार शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# बालोद जिले में 19 से 30 जून तक ग्राम वार जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आस पास के विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत संतृप्त शिविर के आयोजन हेतु विकासखण्डवार स्थान व तिथि निर्धारित की गई है।

जिसमें डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी में 19 जून, ग्राम अछोली में 20 जून, ग्राम दुधली में 23 जून, ग्राम मंगचुवा में 25 जून, ग्राम भंवरमरा में 27 जून और ग्राम बटेरा में 30 जून को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में 18 जून, ग्राम आमाडूला में 19 जून, ग्राम पथराटोला में 20 जून और ग्राम गुदुम में 21 जून निर्धारित है। बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवागांव में 18 जून, ग्राम खेरथाडीह में 19 जून, ग्राम बोड़की में 20 जून, ग्राम अमोरा में 23 जून, ग्राम देवारभाट में 24 जून और ग्राम मूल्लेगुड़ा में 25 जून निर्धारित की गई है। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला में 19 जून, ग्राम कपरमेटा में 23 जून और ग्राम पोड़ में 25 जून निर्धारित है। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोरकापार में 19 जून, ग्राम खैरबना में 20 जून, ग्राम बोरगहन में 23 जून और ग्राम लासाटोला में 24 जून निर्धारित है। उक्त शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलॉग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जांच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# निकुम में शिव महापुराण कथा की भव्य तैयारी पूरी 19 से 23 जून तक पं. प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे शिव कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में शिव महापुराण कथा की तैयारी पूर्ण हो चुकी है, और कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी 19 जून से 23 जून तक स्व. पुनेश्वर भारदीय कालेज के बाजू निकुम में कथा सुनाएंगे।

यह आयोजन समस्त ग्रामवासी निकुम के द्वारा किया जा रहा है. महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। खबर में बताया गया है आज 18 जून को कलश यात्रा शीतला मंदिर से कथा स्थल तक सुबह 10 बजे लगभग 3100 कलशधारी महिलाओं के साथ कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। **तैयारियां हुई पुरीः** संयोजक रूपेश देशमुख ने बताया कि कथा स्थल पर 150x40 फीट का भव्य स्टेज बनाया गया है,



जिसमें आदियोगी शिव कैलाश पर्वत स्थापित की गई है। स्व. पुकेश्वर भारतीय महाविद्यालय के पास मैदान में वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है, ताकि बारिश में भी भक्तों को कोई परेशानी न हो. लगातार स्थानीय लोग कथा स्थल पर पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं। अंडा पुलिस प्रसाशन लगातार व्यवस्था में जुटी हुई है, 3 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। भोजन और पानी की व्यवस्था भी की गई है, भक्तों में सेवा का भाव जागृत करने के लिए, कई भक्त भोजन और पानी लेकर आते हैं और दूसरों को भी बांटते हैं। कथा का महत्वः शिव महापुराण कथा भगवान शिव के जीवन, महिमा और महत्व को दर्शाती है।

**कथा सुनने से होती है आध्यात्मिक उन्नतिः** कथा सुनने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है, शिवलोक में स्थान प्राप्त होता है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है. कथा के माध्यम से, पंडित प्रदीप मिश्रा जी भगवान शिव के मंत्रों का जाप करने और जल चढ़ाने का भी महत्व बताते हैं. यह कथा सनातन धर्म में एकता और अखंडता का संदेश देती है।

# अंडा में हुआ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम, कन्या शिक्षा व सुरक्षा पर गंभीर चर्चा

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम अंडा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही, क्षेत्रीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को समान अवसर एवं सम्मान देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बालिका शिक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं




सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में आगामी 19 से 23 जून तक ग्राम निकुम में आयोजित होने वाली प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा के आयोजन पर भी चर्चा की गई। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा प्रस्तुत कथा कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहभागिता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच बेटियों के कल्याण के प्रति एकजुटता और जागरूकता का संदेश स्पष्ट हुआ।

# व्यापम द्वारा अग्निशमन व एसडीआरएफ भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ, मुख्यालय छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 जून (रविवार) को किया जाएगा। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यू.आर.एल. को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10 से शाम 05.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# बालोद में सघन पौधारोपण अभियान की तैयारी, कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में सभी वर्गों के सहयोग से सघन पौधारोपण अभियान चलाकर, रोपे गए पौधों के सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाकर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं जिले के गणमान्य नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं गैर सरकारी संस्थाओं सहित समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों की बैठक लेकर इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने हेतु आवश्यक सुझाव लिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित समाज के सभी वर्गों के लोगों से बालोद जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिले को हराभरा बनाकर, पर्यावरण सुरक्षा में अपनी



बहुमुल्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु इस कार्य में पूरे मनोयोग से सहयोग करने की अपील की। बैठक में कलेक्टर ने वृक्षारोपण के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में तेजी से घटते भूजल स्तर एवं पर्यावरण प्रदुषण को देखते हुए, इसकी भरपाई करने हेतु सामाजिक सहभागिता से अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सामाजिक सहभागिता से ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी गांवों में सघन पौधरोपण कर रोपे गए पौधों के सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इसके लिए सर्वप्रथम स्कूल परिसरों एवं तालाब के किनारे पौधरोपण हेतु स्थान का चयन किया गया है। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय कार्यालय परिसरों एवं अन्य जरूरी स्थानों पर भी अधिक से अधिक पौधरोपण कर उसके सुरक्षा के लिए उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। कलेक्टर ने इस कार्य को नीचले स्तर पर सफलतापूर्वक सम्पन्न करने हेतु ब्लॉक स्तरीय टीम गठित करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय समिति में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अलावा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तरीय अन्य अधिकारी शामिल होंगे। मिश्रा ने इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने हेतु इस कार्य में स्वप्रेरित होकर कार्य करने वाले लोगों की चयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्थान के अनुरूप पौधों का चयन कर उसका रोपण करने की आवश्यकता बताई। इसके अंतर्गत उन्होंने खेतों में कहवे की पेड़ तथा समुचित पानी वाले स्थानों में जामुन आदि पेड़ तथा कम पानी वाले स्थानों में नीम आदि पौधों की रोपण सुनिश्चित करने को कहा। मिश्रा ने जिले के नगरीय क्षेत्रें में सघन वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु कार्ययोजना बनाकर उनके समुचित क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में गणमान्य जनों ने वृक्षारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक सुझाव देते हुए पूरे मनोयोग से इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने लिया वार्डों का जायजा जनता की समस्याएं सुनी की त्वरित कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के द्वारा लगातार सभी वार्डो का निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को भी वे सुबह से सभी वार्डों में निरीक्षण करने पहुंचे जहां लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया साथ ही जिन जगहों में पानी की समस्या है। वहां सिंटेक्स टंकी लगाने के लिए सीएमओ को कहा गया साथ ही सड़क बिजली एवं अन्य समस्याओं को लेकर विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया।

सभी वार्डों के बड़े छोटे नालियों की रोजाना सफाई करवाने के लिए सफाई दरोगा को निर्देशित किया गया साथ ही जैन ने जहां निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है जिसके चलते सड़क में पानी का भराव हो जाता है। इसके लिए समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन भी नगरवासियो को दिया गया ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। साथ ही हटरी बाजार में स्थित नालियों को ऊपर से ढक दिया गया है व नालियों के ऊपर सीढ़ी निर्माण कर दिए है उनको तत्काल तोड़ने के लिए नोटिस देने की बात कही एवं वार्ड क्रमांक 3 एवं 12 में छोटी छोटी नालियां जो टूट गई है उनका प्राक्कलन बना कर एस्टीमेट बनाने के लिए इंजीनियर को निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष विजय सोनकर, सीएमओ किरण पटेल, इंजीनियर राठिया, राजस्व निरीक्षक ठाकुर, सफाई दरोगा मिश्रा, पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, हेमलता सोनी, सलीम खान, रोमलाल यादव, शैल महोबिया उपस्थित थे।

# स्टाप डायरिया कैम्पेन शुरू, देंगे ओआरएस व टेबलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलो मे 16 जून से 31 जुलाई तक स्टाप डायरिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसका शुभारंभ 16 जून को शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेके. सिंह द्वारा किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेके. सिंह ने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी के निर्देशन में शून्य से 5 वर्श तक के बच्चों में डायरिया से होने वाले मृत्यु के रोकथाम के लिए स्टाप डायरिया कैम्पेन का आयोजन 16 जून से 31 जुलाई तक जिले में किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के समस्त 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को



ओ.आर.एस. का पैकेट व जिंक टेबलेट मितानिन द्वारा दिया जावेगा। तथा यह दवाई सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उपलब्ध है। इस दौरान डायरिया से बचने के लिए आमजन को सलाह भी दी जा रही है। इस दौरान कहा गया सुरक्षित पेयजल, स्वच्छ शौचालय, समय पर बच्चों का टीकाकरण, हाथ धोने का उचित तकनीक, घरों में तथा कुएं व अन्य जल स्त्रेतों की साफ सफाई आदि उपायों का पालन करना चाहिए। यदि किसी बच्चे को दस्त या डायरिया के लक्षण दिखाई देते हैं तो बिना विलंब किए मितानिन तथा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में तुरंत सम्पर्क कर उपचार करना चाहिए। स्टाप डायरिया कैम्पेन कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर जिला नोडल अधिकारी जेके. सिंह, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी आरके सोनबाईर व जीआर. सेवता, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, पर्यवेक्षक एसएल. देवांगन, समस्त सेक्टर सुपरवाईजर व आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### बालोद में एसडीओ राजस्व का पदभार ग्रहण

**बालोद।** दस्तावेज लेखकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नूतन कुमार कंवर के बालोद अनुविभाग मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का पदभार ग्रहण करने पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर तहसीलदार आशुतोष शर्मा भी उपस्थित थे। तहसील दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे के नेतृत्व में दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, दस्तावेज लेखक, मोव जुनैद कुरैशी, गोल्डी गौतम सोमेश साहू, संजय पटेल लालू, जयंत मूरचुलिया, लोचन पटेल, अक्षय यादव ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से भेंट की व विभिन्न विशयों मे चर्चा की।

### 13 जुलाई को बाबा दरबार धनोरा में श्रद्धांजलि सभा एवं भजन कार्यक्रम

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में स्वर्गीय परमानंद



कठोलिया के श्रद्धांजलि के पावन अवसर पर इस साल गुरु पुर्णिमा के अवसर पर बाबा दरबार में मनाने का सभी भक्तों ने निर्णय लिया गया एवं सभी जस सम्राट रचनाकार लोकगायक लोक गायिका सभी को निमंत्रण देने एवं सभी को बुलाने का यह कार्यक्रम 13 जुलाई रविवार को रखा गया है जोकि सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक निरंतर जारी रहेगा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दरबार के सभी भक्तों ने मनाने का निर्णय लिया गया।

### बालोद में जनजातीय वर्ग को सेवा देने शिविर आज

**बालोद।** जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में 18 जून को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव और बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवांगाव में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि ग्राम कोटागांव में आयोजित शिविर में ग्राम कोटागांव सहित आड़ेझर, नलकसा, कोपेडेरा, कुमुड़कट्टा, कामता, सल्हाईटोला, बोरगांव, नर्राटोला, चिखली और साल्हे के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार ग्राम दरबारी नवागांव में आयोजित शिविर में दरबारी नवागांव सहित परसदा, डेंगरापार और धौराभांठा के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलॉग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जांच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# जामगांव आर में बीएसएनएल की 4 जी सेवा नाकाम, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से परेशान उपभोक्ता वर्षो से अधिकारियों से मिल रहे खोखले आश्वासन से खिन्न हो चुके है। इन दिनों दूसरे कंपनी की वाई फाई से काम चलाने उपभोक्ता विवश है। बीएसएनएल सेवा की जानकारी हेतु गूगल से जानकारी चाहा तो पता चला कि दूरसंचार विभाग द्वारा अपनी 4जी बीएसएनएल सेवा के लिए दो स्पेक्ट्रम बैंड 700 मेगाहट्र्ज और 2100 आबंटित किए है। लेकिन 4 जी सेवा जामगांव आर एरिया में अभी भी नाकाम है राउंड ले रहा है। विभाग ने 4 जी प्रारंभ होने का आनंद लेने का ढिंढोरा पीट दिया उपभोक्ताओं ने 4 जी सेट भी ले लिया लेकिन आश्वासनों की आदत से लाचार विभाग आश्वासन का तगड़ा नेटवर्क अभी भी बना हुआ है। ना जाने झूठे वादों का पहाड़ कब हटेगा। अच्छी सेवा देने का वादा करने वाले लोगों की चुप्पी उपभोक्ताओं के साथ खुला मजाक बन गया है।

**मोदी की गारंटी के तरह उपलब्ध हो 4जी सेवाः ग्रामीणः** डॉ एनके चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल, पोषण निर्मल, माया कौशिक, नेतराम ठाकुर, राधेश्याम राठी, पवन साहू, विजय चंद्राकर, पुखराज ठाकुर, नरेश केला, मनीष वैद, प्रेमचंद चोरड़िया, शैलेंद्रि मंडावी उपभोक्ताओं ने कहा कि मोदी की गारंटी की तरह गारंटी सेवा उपलब्ध कराने की मांग किए है।

## खोखले आश्वासन और धीमी सेवा से उपभोक्ताओं में गुस्सा

### 25 हजार लोग नाकाम 4जी से परेशान

जामगांव आर एरिया में 25000 आमजनता बीएसएनएल की नाकाम 4 जी सेवा से परेशान है। विभाग के अधिकारी अपने फोन सेट पर 4 जी आनंद लेने का टोन सेट कर जले में नमक छिड़कने को काम कर रहे है और उपभोक्ता अधिकारी से बात करने के पहले टोन सुनकर हैरान हो जाते कि यहां तो 4 जी सेवा राउंड ले रहा है तो आनंद कैसे ले। विभाग के अधिकारियों ने जामगांव आर को प्राथमिकता मिलने का आश्वाशन विगत कई वर्षो से देते आ रहे है। वादा निभाने में नाकाम विभाग की खोखली आश्वासन नीति से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है।



### सुचारू व्यवस्था प्रयास जारी

सुचारू व्यवस्था के लिए प्रयास जारी है। फिर भी त्वरित चेक करवाता हूं। -डीके बागड़े, एसडीओ

### 4जी सेवा में लग रहा ज्यादा समय

किसानों, पत्रकारों, विधार्थियो, दुकानदारों, शिक्षण संस्थाओं सहित आम उपभोक्ताओं ने जामगांव आर एरिया में 4 जी सेवा प्रारंभ होने से खुशी जाहिर किए और 4 जी रैंक का मोबाइल सेट खरीद लिए लेकिन मोबाइल पर नेटवर्क के राउंड राउंड से काफी दुखी और नाकाम सेवा से आक्रोशित होने लगे है। एन महत्वपूर्ण कार्य के समय नेटवर्क राउंड लेना शुरू कर देता है। ग्रामीण प्रेस प्रतिनिधियों ने बताया कि संध्या के समय महत्वपूर्ण समाचार प्रेस को मेल करना होता है किसानों को टोकन हेतु नेटवर्क की आवश्यकता होती है पढ़ाई की –ष्टि से विधार्थियो को महत्वपूर्ण जानकारी कलेक्ट करनी होती है सब काम पर नाकाम सेवा पानी फेर देता है।

दूसरी किश्त के लिए लगातार हो रहा तगादा, शासन-प्रशासन की असमर्थता से परेशान महावीर सिन्हा

# 21 माह से नहीं मिली पीएम आवास योजना की किस्त, सरकारी दफ्तरों में भटक रहा हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत कुसुमकसा के आदिवासी हितग्राही महावीर सिन्हा का जीवन प्रधानमंत्री आवास योजना की लापरवाह प्रणाली और तकनीकी खामियों के बीच उलझ गया है। वर्ष 2023 में स्वीकृत हुए आवास के लिए पहली किश्त 25,000 मिलने के बाद आवास निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन 21 माह बीत जाने के बाद भी द्वितीय किश्त की राशि आज तक नहीं मिली। छज्जा स्तर तक बना मकान अब अधूरा खड़ा है, और निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता (मटेरियल वाले) रोज पैसे की मांग कर रहे हैं। महावीर, जो एक गरीब आदिवासी परिवार से हैं, अब न तो मकान पूरा कर पा रहे हैं, न ही पुराना घर रहने लायक बचा है। दो बार नया खाता खुलवाकर जनपद पंचायत डोंडी में जमा किया गया, बावजूद इसके उन्हें केवल तकनीकी खामी बताकर टाल दिया जा रहा है।

- शिविरों में आवेदन, ऑनलाइन ट्रैकिंग भी की, लेकिन नहीं हुआ समाधान



### अधिकारी आश्वासन देकर कर रहे इति श्री

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की एक और छत्तीसगढ़ शासन प्रधानमंत्री आवास के आवेदन के लिए ग्राम ग्राम में शिविर लगाकर प्रधानमंत्री आवास के आबंटन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर रही है और पूर्व में स्वीकृत आवास हितग्राही किश्त की राशि के लिए भटक रहे है, शासन प्रशासन से आवास योजना के हितग्राही को किश्त की राशि जल्द प्रदाय किए जाने की मांग की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी से उक्त संबंध में जानकारी लेने मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### समाधान शिविर में भी लगाई गुहार, लेकिन मिली निराशा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कुछ दिनों पूर्व ग्रामों में लगाए गए सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत कुसुमकसा में 8 अप्रैल को आयोजित सुशासन शिविर में महावीर सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत किश्त की राशि दिलाने आवेदन दिया था। किंतु कुसुमकसा में 31 मई को आयोजित सुशासन समाधान शिविर में भी दिए गए आवेदन का निराकरण नहीं हो पाया, जनपद पंचायत के लगाए गए स्टाल में दिए गए आवेदन के संबंध में कोई जानकारी देने वाला नही था, ऑनलाइन समस्या का निराकरण देखने की जानकारी दी गई थी। ऑनलाइन दिए गए आवेदन के संबंध में 26 अप्रैल को कार्रवाई विवरण में उक्त आवेदन के संबंध में अवगत कराया गया है की मुख्यमंत्री आवास न्याय योजना पोर्टल में जियो टेग किया जाकर द्वितीय किश्त जनपद पंचायत डोंडी से एफ टी ओ किया गया है,उच्च कार्यालय द्वारा आपके खाते में राशि हस्तांतरित किए जाने का उल्लेख है ,जनपद पंचायत डोंडी द्वारा जारी पत्र व कार्यवाही विवरण में दी गई जानकारी दिए गए आवेदन का अलग अलग जवाब है।

## सफाई कर्मचारियों ने पूर्णकालिक भुगतान व समायोजन की मांग उठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल की सूचना की जानकारी देते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बालोद विकासखण्ड के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारी जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय आव्हान पर काम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल 16 जून से है। संघ की मांगों मे पूर्ण कालिक कलेक्टर दर भुगतान एवं युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूल सफाई कर्मचारियो का समायोजन किये जाने और विकासखण्ड बालोद के समस्त कर्मचारियो का विगत सत्र 2013–14 मे विकासखण्ड आदेशानुसार स्कूल सफाई कर्मचारियो से 2 घण्टा सुबह एवं 2 घंटा शाम को काम लिया गया था, किन्तु मजदूरी भुगतान 2 घण्टे का ही हुआ है एवं 2 घण्ट का मजदूरी भुगतान नही होने के कारण विकासखण्ड बालोद के समस्त कर्मचारियो द्वारा निर्णय लिया गया कि मांग पर 25 जून तक भुगतान नही होने पर 30 जून को विकासखण्ड के समस्त कर्मचारीयो द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली निकालकर कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौपे जायेगा।

## स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के स्कूल सफाई कर्मचारी प्रांतीय आव्हान पर 15 जून दिन रविवार से अपने लंबित मांगो को लेकर काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने की सूचना दी गई है।

जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य मांग अंशकालीन से पूर्णकालीन कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाय। युक्तियुक्तिकरण के तहत स्कूल सफाई कर्मचारी को भी समायोजन करने एवं चुनावी घोषणा के अनुसार कलेक्टर दर मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने के सबंध में ज्ञापन सौंपा गया है, जिसकी प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, प्रांताध्यक्ष के माध्यम से शासन प्रशासन को, ब्लाक अध्यक्ष माध्यम से डौण्डीलोहारा ब्लाक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है, इस हेतु सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द से जल्द मांग पूर्ण करने की अपील की गई है।

## डौंडीलोहारा में विमान दुर्घटना के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट अहमदाबाद से लंदन के लिए जाने वाली फ्लाइट(A/171) कुछ तकनीकी खराबी के कारण 5 मिनट के अंदर क्रश हो गई इस विमान में 242 यात्री सवार थे। जिनमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश ,7पुर्तगाली, एक कनाडियन, दो परिचालक, तथा 10 क्रू के सदस्य थे।

जिनमें 241 यात्रियों की मृत्यु हो गई जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी जी भी है सिर्फ एक ब्रिटिश यात्री रमेश कुमार विश्वास बच गए। इसके अतिरिक्त जिस छत पर टकराया वहां भी लगभग 160 जूनियर डॉक्टर(बी.जे.हॉस्पिटल) इस समय भोजन कर रहे थे। जिनमें से 6 कनिष्ठ डॉक्टर की मृत्यु हो गई तथा 50 के आसपास डॉक्टर झुलस गए। उनकी याद में आज राष्ट्रगान समिति (जन गण मन )के तत्वाधान में अटल चौक काली मंदिर के पास डौंडीलोहारा में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। जिनमें नगर के गणमान्य ,वरिष्ठगण, प्रबुद्धगण सम्मिलित हुए , जिनमें प्रमुख रूप से सुमन देशमुख( रिटायर्ड फौजी), जसराज शर्मा, धीरेंद्र गायकवाड, धर्मेंद्र निषाद, प्यारेलाल निषाद, विनोद यादव, लोकेश यादव, दिलीप बाफना, रवि तामुरिया, डॉ. बी.एल. साहसी, चेतन देशमुख, उत्तम मालेकर, संदीप भंसाली, जितेश यादव, ललित साहू,मोती निषाद आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कैंडल जलाकर उन्हें याद किया तथा दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दिया गया ।

## डोंगीतराई स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगीतराई में शैक्षणिक सत्र 202526 के प्रथम दिवस को प्रवेश उत्सव के रुप मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर उपस्थित विद्यालय के बच्चों का गुलाल लगाकर उनके मुंह मिठाकर स्वागत किया गया साथ ही बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष डॉ. साहू ने नवप्रवेशित बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पढ़ाई जीवन में किस तरह से कार्य करके आगे बढ़ना व बहुत से प्रमुख बातें बच्चों को बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, नारायण सिंह प्राचार्य, सरपंच खिलेश्वरी बम्भोले, उदेराम साहू, मुकेश यदु, धनेश्वरी यदु, डिलेश्वर सोनेश्वरी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



# घोटिया में जनभागीदारी शिविर, सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आज जिले के डौंडी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम घोटिया सहित पेण्ड्र, पचेड़ा, पटेली, टेकाढोड़ा, सिंगनवाही, भरएँटोला 36, धोतिमटोला और ठेमाबुजुर्ग के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में पात्र परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष भोलाराम नेताम, सरपंच ममता मंडावी, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। ग्राम घोटिया में आयोजित शिविर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में अनुसूचित जनजाति के 108 आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन किया गया । इसी प्रकार 10 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड और 05 का टीकाकरण किया गया। 18 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 4 हितग्राहियों का पेंशन, 32 लोगों का सिकलसेल एनिमिया की जांच, अनुसूचित परिवारों के 4 घरों में विद्युत कनेक्शन सहित वन अधिकार पत्रधारी को पशुपालन विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने 29 हितग्राहियों को चिन्हांकित कर सूची उच्च कार्यालय में कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

### हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा लिया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नहर नाली एसीसी कालोनी जामुल के पास धारदार हथियार तलवारनुमा कटर लेकर लोगों डरा धमकाने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजीव नगर छावनी निवासी दीपक कुमार राणा को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार तलवारनुमा कटर जब्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी जनता की बात दिव्यांग बालक को प्रदान की व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे। नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिल्हाटीकला के दिव्यांग बालक ओजेश साहू के पिता से बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उनके पिता ने बताया कि उनका 10 वर्षीय पुत्र ओजेश दोनों पैर से दिव्यांग है, उसे चलने फिरने में समस्या होती है अतः उसे व्हीलचेयर प्रदान की मांग की। कलेक्टर मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तलब कर ओजेश साहू को व्हीलचेयर प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन के दौरान दिव्यांग ओजेश को व्हीचेयर प्रदान किया।



जनदर्शन में ग्राम खैरा की डोमिन निषाद ने उज्वला गैस कनेक्शन दिलाने, ग्राम मटिया की टेमिन बाई ने आबादी भूमि दिलाने, ग्राम नर्राटोला के तुलसीराम ने बिजली बिल में सुधार कराने, ग्राम झलमला के ग्रामीणों ने हाईस्कुल भवन मरम्मत कराने, ग्राम पिपरछेड़ी के शाला प्रबंधन समिति ने स्कूल में रिक्त पदों की पूर्ति कराने, ग्राम जाटादाह के टिकेश कुमार ने जाति प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम पैरी की पार्वती बाई ने आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम भूसरेंगा के सरपंच ने हाईमास्क लाईट लगाने, पाररास के कुलदीप साहू ने गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने, ग्राम किसना के ग्रामीणों ने विद्युत पोल विस्तार कराने की मांग की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411